**WRAP Exams · wrapexams.com**
Prelims PYQ, Mains model answers, and copy evaluation. Write to the desk for this paper, a doubt, or the AI waitlist.
**ask@wrapexams.com · +91 85951 84903 · wrapexams.com**

# Official question paper

This file is the official paper. WRAP Exams also publishes a compiled questions PDF for the same year: each question has a Solution link, and the last pages are a designed compiled answer key.

## Answer key at the end of this PDF

Attempt the paper first. After the last question, this pack closes with a compiled answer key: official letters in boxed exam order, then a question-wise list with Solution links to WRAP Exams.

wrapexams.com

WRAP Exams · Write. Read. Analyse. Practice. · https://wrapexams.com/ · ask@wrapexams.com · wrapexams.com

WRAP Exams

**C–AVZ–O–FTDZ**

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–IV)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **चौदह** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

WRAP Exams

# GENERAL STUDIES (PAPER–IV)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are FOURTEEN questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which *must* be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

प्रश्नों के उत्तर बन्धनी में विनिर्दिष्ट शब्द सीमा से **ज्यादा न हों**। उत्तर की विषय-वस्तु शब्द सीमा से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

Answer questions in NOT MORE than the word limit specified for each in the parenthesis. Content of the answer is more important than its length.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** *(a)* 'पर्यावरणीय नैतिकता' का क्या अर्थ हैं? इसका अध्ययन करना किस कारण महत्त्वपूर्ण है? पर्यावरणीय नैतिकता की दृष्टि से किसी एक पर्यावरणीय मुद्दे पर चर्चा कीजिए। (*150* शब्द)

What is meant by 'environmental ethics'? Why is it important to study? Discuss any one environmental issue from the viewpoint of environmental ethics. (*150* words) 10

*(b)* निम्नलिखित के बीच विभेदन कीजिए (*200* शब्द) :

Differentiate between the following (*200* words) : 10

*(i)* विधि और नैतिकता

Law and Ethics

*(ii)* नैतिक प्रबंधन और नैतिकता का प्रबंधन

Ethical management and Management of ethics

*(iii)* भेदभाव और अधिमानी बरताव

Discrimination and Preferential treatment

*(iv)* वैयक्तिक नैतिकता और संव्यावसायिक नैतिकता

Personal ethics and Professional ethics

**2.** नैतिक विचारकों/दार्शनिकों के दो अवतरण दिए गए हैं। प्रकाश डालिए कि इनमें से प्रत्येक के, वर्तमान संदर्भ में, आपके लिए क्या मायने हैं:

Given are two quotations of moral thinkers/philosophers. For each of these, bring out what it means to you in the present context :

*(a)* "कमज़ोर कभी माफ नहीं कर सकते; क्षमाशीलता तो ताकतवर का ही सहज गुण है।" (*150* शब्द)

"The weak can never forgive; forgiveness is the attribute of the strong." (*150* words) 10

*(b)* "हम बच्चे को आसानी से माफ कर सकते हैं, जो अंधेरे से डरता है; जीवन की वास्तविक विडंबना तो तब है जब मनुष्य प्रकाश से डरने लगते हैं।" (*150* शब्द)

"We can easily forgive a child who is afraid of the dark; the real tragedy of life is when men are afraid of the light." (*150* words) 10

**3.** *(a)* "केवल कानून का अनुपालन ही काफ़ी नहीं है, लोक सेवक में, अपने कर्तव्यों के प्रभावी पालन करने के लिए, नैतिक मुद्दों पर एक सुविकसित संवेदन-शक्ति का होना भी आवश्यक है।" क्या आप सहमत हैं? दो उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए, जहाँ *(i)* कृत्य नैतिकतः सही है, परंतु वैध रूप से सही नहीं है तथा *(ii)* कृत्य वैध रूप से सही है, परंतु नैतिकतः सही नहीं है। (*150* शब्द)

"A mere compliance with law is not enough, the public servant also has to have a well-developed sensibility to ethical issues for effective discharge of duties." Do you agree? Explain with the help of two examples, where *(i)* an act is ethically right, but not legally and *(ii)* an act is legally right, but not ethically. (*150* words) 10

*(b)* विश्वसनीयता और सहन-शक्ति के सद्गुण लोक सेवा में किस प्रकार प्रदर्शित होते हैं? उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए। (*150* शब्द)

How do the virtues of trustworthiness and fortitude get manifested in public service? Explain with examples. (*150* words) 10

**4.** *(a)* "सामाजिक मूल्य, आर्थिक मूल्यों की अपेक्षा अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।"

राष्ट्र की समावेशी संवृद्धि के संदर्भ में उपरोक्त कथन पर उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। (*150* शब्द)

"Social values are more important than economic values."

Discuss the above statement with examples in the context of inclusive growth of a nation. (*150* words) 10

*(b)* हाल में हुई कुछ प्रगतियाँ, जैसे कि सूचना का अधिकार (आर० टी० आइ०) अधिनियम, मीडिया और न्यायिक सक्रियता इत्यादि, सरकार के कार्यों में पहले से अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने में सहायक साबित हो रही हैं। फिर भी, यह भी देखा जा रहा है कि कभी-कभार इन साधनों का दुरुपयोग किया जाता हैं। एक अन्य नकारात्मक प्रभाव यह है कि अधिकारीगण अब शीघ्र निर्णय लेने से डरते हैं।
इस स्थिति का विस्तारपूर्वक विश्लेषण कीजिए और सुझाइए कि इस द्विभाजन का हल किस प्रकार निकाला जा सकता है। सुझाइए कि इन नकारात्मक प्रभावों को किस प्रकार न्यूनतमीकृत किया जा सकता है। (*150* शब्द)

Some recent developments such as introduction of RTI Act, media and judicial activism, etc., are proving helpful in bringing about greater transparency and accountability in the functioning of the government. However, it is also being observed that at times the mechanisms are misused. Another negative effect is that the officers are now afraid to take prompt decisions.

Analyze this situation in detail and suggest how this dichotomy can be resolved. Suggest how these negative impacts can be minimized. (*150* words) 10



WRAP Exams

**5.** लोक सेवकों की अपने कार्य के प्रति प्रदर्शित दो अलग-अलग प्रकारों की अभिवृत्तियों की पहचान अधिकारीतंत्रीय अभिवृत्ति और लोकतांत्रिक अभिवृत्ति के रूप में की गई है।

(क) इन दो पदों के बीच विभेदन कीजिए और उनके गुणों-अवगुणों को बताइए।

(ख) अपने देश का तेजी से विकास की दृष्टि से बेहतर प्रशासन के निर्माण के लिए क्या दोनों में संतुलन स्थापित करना संभव है?

(*150* शब्द)

Two different kinds of attitudes exhibited by public servants towards their work have been identified as the bureaucratic attitude and the democratic attitude.

*(a)* Distinguish between these two terms and write their merits and demerits.

*(b)* Is it possible to balance the two to create a better administration for the faster development of our country?

(*150* words) 10

**6.** आज हम देखते हैं कि आचार संहिताओं के निर्धारण, सतर्कता सेलों/आयोगों की स्थापना, आर० टी० आइ०, सक्रिय मीडिया और विधिक यांत्रिकत्वों के प्रबलन जैसे विभिन्न उपायों के बावजूद भ्रष्टाचारपूर्ण कर्म नियंत्रण के अधीन नहीं आ रहे हैं।

(क) इन उपायों की प्रभावशीलता का औचित्य बताते हुए मूल्यांकन कीजिए।

(ख) इस खतरे का मुकाबला करने के लिए और अधिक प्रभावी रणनीतियाँ सुझाइए।

(*150* शब्द)

Today we find that in spite of various measures like prescribing codes of conduct, setting up vigilence cells/commissions, RTI, active media and strengthening of legal mechanisms, corrupt practices are not coming under control.

*(a)* Evaluate the effectiveness of these measures with justifications.

*(b)* Suggest more effective strategies to tackle this menace.

(*150* words) 10

**7.** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, अधिकांश राष्ट्रों के बीच द्विपक्षीय संबंध, अन्य राष्ट्रों के हितों का सम्मान किए बिना स्वयं के राष्ट्रीय हित की प्रोन्नति करने की नीति के द्वारा नियंत्रित होते हैं। इससे राष्ट्रों के बीच द्वंद्व और तनाव उत्पन्न होते हैं। ऐसे तनावों के समाधान में नैतिक विचार किस प्रकार सहायक हो सकते हैं? विशिष्ट उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। (*150* शब्द)

At the international level, the bilateral relations between most nations are governed on the policy of promoting one's own national interest without any regard for the interest of other nations. This leads to conflicts and tensions between the nations. How can ethical consideration help resolve such tensions? Discuss with specific examples. (*150* words) 10

**8.** लोक सेवकों के समक्ष 'हित संघर्ष (कन्फ्लिक्ट ऑफ इन्टरेस्ट)' के मुद्दों का आ जाना संभव होता है। आप 'हित संघर्ष' पद से क्या समझते हैं और यह लोक सेवकों के द्वारा निर्णयन में किस प्रकार अभिव्यक्त होता है? यदि आपके सामने हित संघर्ष की स्थिति पैदा हो जाय, तो आप उसका हल किस प्रकार निकालेंगे? उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए। (*150* शब्द)

Public servants are likely to confront with the issues of 'Conflict of Interest'. What do you understand by the term 'Conflict of Interest' and how does it manifest in the decision making by public servants? If faced with the conflict of interest situation, how would you resolve it? Explain with the help of examples. (*150* words) 10

**खण्ड—B / SECTION—B**

**9.** एक निजी कंपनी अपनी दक्षता, पारदर्शिता और कर्मचारी कल्याण के लिए विख्यात हैं। यद्यपि कंपनी का मालिक एक निजी व्यक्ति है, तथापि उसका एक सहकारिता वाला आचरण है जहाँ कर्मचारी स्वामित्व की भावना रखते हैं। कंपनी में लगभग 700 कार्मिक नियुक्त हैं और उन्होंने स्वेच्छापूर्वक संघ न बनाने का निर्णय लिया है।

अचानक एक दिन सुबह एक राजनीतिक पार्टी के 40 आदमी ज़बरदस्ती फैक्ट्री में घुस आए और फैक्ट्री में नौकरी माँगने लगे। उन्होंने प्रबंधन और कर्मचारियों को धमकियाँ और गालियाँ भी दीं। कर्मचारियों का मनोबल गिरा। यह स्पष्ट था कि जो लोग ज़बरदस्ती घुस आए थे, वे कंपनी के वेतन-पत्रक में होना चाहते थे और साथ ही साथ पार्टी के स्वयंसेवक/सदस्य बने रहना चाहते थे।

कंपनी ईमानदारी के उच्च मानकों को बनाए रखती है और सिविल प्रशासन, जिसमें कानून प्रवर्तन अभिकरण भी शामिल है, का कोई अनुग्रह नहीं करती। इस प्रकार के प्रसंग सार्वजनिक क्षेत्रक में भी घटते हैं।

(क) मान लीजिए कि आप कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी० ई० ओ०) हैं। आप उपद्रवी भीड़ के गेट के अंदर जबरन घुस आने और कंपनी परिसर के भीतर धरना देने की तारीख को प्रचंड स्थिति के निष्प्रभावन के लिए क्या करेंगे?

(ख) इस मामले में चर्चित मुद्दे का दीर्घकालीन समाधान क्या हो सकता है?

(ग) प्रत्येक समाधान/कार्रवाई का, जिसको आप सुझाएँगे, आप पर (सी० ई० ओ० के तौर पर), कर्मचारियों पर और कर्मचारियों के निष्पादन पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अपने द्वारा सुझाई गई कार्रवाइयों में से प्रत्येक के परिणामों का विश्लेषण कीजिए। (*250* शब्द)

A private company is known for its efficiency, transparency and employee welfare. The company though owned by a private individual has a cooperative character where employees feel a sense of ownership. The company employs nearly 700 personnel and they have voluntarily decided not to form a union.

One day suddenly in the morning, about 40 men belonging to a political party gate-crashed into the factory demanding jobs in the factory. They threatened the management and employees, and also used foul language. The employees feel demoralized. It was clear that those people who gate-crashed wanted to be on the payroll of the company as well as continue as the volunteers/members of the party.



WRAP Exams

The company maintains high standards in integrity and does not extend favours to civil administration that also includes law enforcement agency. Such incidents occur in public sector also.

(a) Assume you are the CEO of the company. What would you do to diffuse the volatile situation on the date of gate-crashing with the violent mob sitting inside the company premises?

(b) What could be the long-term solution to the issue discussed in the case?

(c) Every solution/action that you suggest will have a positive and a negative impact on you (as CEO), the employees and the performance of the employees. Analyze the consequences of each of your suggested actions.

(250 words) 20

10. आप एक पंचायत के सरपंच हैं। आपके क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाया जा रहा एक प्राइमरी स्कूल है। स्कूल में उपस्थित होने वाले बच्चों को दिवस-मध्य भोजन (मिड-डे मील) दिया जाता है। हेडमास्टर ने अब भोजन तैयार करने के लिए एक नया रसोइया नियुक्त कर दिया है। परंतु जब यह पता चला कि रसोइया दलित समुदाय का है, उच्च जातियों के बच्चों में से लगभग आधों को उनके माँ-बाप भोजन करने की इजाज़त नहीं देते हैं। फलस्वरूप स्कूल में बच्चों की उपस्थिति तेज़ी से घट गई। इसके परिणामस्वरूप दिवस-मध्य भोजन की योजना को समाप्त करने और उसके बाद अध्यापन स्टाफ को हटाने और बाद में स्कूल को बंद कर देने की संभावना पैदा हो गई।

(क) इस संघर्ष पर काबू पाने और सही एवं सुखद वातावरण बनाने की कुछ साध्य रणनीतियों पर चर्चा कीजिए।

(ख) ऐसे परिवर्तनों को स्वीकार करने के लिए सकारात्मक सामाजिक सुखद वातावरण बनाने हेतु विभिन्न सामाजिक खंडों और अभिकरणों के क्या कर्तव्य होने चाहिए?

(250 शब्द)

You are the Sarpanch of a Panchayat. There is a primary school run by the government in your area. Midday meals are provided to the children attending the school. The Headmaster has now appointed a new cook in the school to prepare the meals. However, when it is found that the cook is from Dalit community, almost half of the children belonging to higher castes are not allowed to take meals by their parents. Consequently the attendance in the school falls sharply. This could result in the possibility of discontinuation of midday meal scheme, thereafter of teaching staff and subsequent closing down the school.

(a) Discuss some feasible strategies to overcome the conflict and to create right ambience.

(b) What should be the responsibilities of different social segments and agencies to create positive social ambience for accepting such changes?

(250 words) 20



WRAP Exams

**11.** एक प्रमुख भेषजिक कंपनी की अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला में कार्यरत एक वैज्ञानिक ने खोजा कि कंपनी की सर्वाधिक बिक्री होने वाली पशुचिकित्सकीय दवाइयों में से एक दवाई *B* में वर्तमान में असाध्य लिवर रोग, जो जनजातीय क्षेत्रों में फैला हुआ है, का इलाज करने की संभाव्यता है। परंतु मानवों के लिए उपयुक्त रूपांतर का विकास करने के लिए बहुत अनुसंधान और विकास की ज़रूरत थी, जिसमें 50 करोड़ रुपए तक का खर्च आ सकता था। इसकी संभावना कम थी कि कंपनी अपनी लागत को वसूल कर पाएगी क्योंकि रोग केवल निर्धनताग्रस्त क्षेत्र में फैला हुआ था, जिसका बाज़ार बहुत थोड़ा था।

यदि आप सी० ई० ओ० होते, तो—

(क) जिन विभिन्न कार्रवाइयों को आप कर सकते थे, उनकी पहचान कीजिए;

(ख) अपनी प्रत्येक कार्रवाई के पक्ष-विपक्ष का मूल्यांकन कीजिए।

(*250* शब्द)

One of the scientists working in the R & D laboratory of a major pharmaceutical company discovers that one of the company's best selling veterinary drugs, *B* has the potential to cure a currently incurable liver disease that is prevalent in tribal areas. However, developing a variant of the drug suitable for human beings entailed a lot of research and development having a huge expenditure to the extent of ₹ 50 crores. It was unlikely that the company would recover the costs as the disease was rampant only in poverty-stricken area having very little market otherwise.

If you were the CEO, then—

*(a)* identify the various actions that you could take;

*(b)* evaluate the pros and cons of each of your actions.

(*250* words) 20

WRAP Exams

**12.** एक आपदा-प्रवण राज्य है, जिसमें अक्सर भूस्खलन, दावानल, मेघ विस्फोट, आकस्मिक बाढ़ और भूकंप आदि आते रहते हैं। इनमें से कुछ मौसमी हैं और अक्सर अननुमेय हैं। आपदा का परिमाण हमेशा अप्रत्याशित होता है। एक मौसम के दौरान, एक मेघ विस्फोट के कारण विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन हुए जिनसे अत्यधिक दुर्घटनाएँ हुईं। सड़कों, पुलों और विद्युत् उत्पादी यूनिटों जैसी बुनियादी संरचना को बृहत् क्षति पहुँची। इसके फलस्वरूप 100000 से ज्यादा तीर्थयात्री, पर्यटक और अन्य स्थानीय निवासी विभिन्न मार्गों और स्थानों पर फँस गए। जिम्मेदारी के आपके क्षेत्र में फँसे हुए लोगों में वरिष्ठ नागरिक, अस्पतालों में मरीज, महिलाएँ और बच्चे, पदयात्री, पर्यटक, शासक पार्टी के प्रादेशिक अध्यक्ष अपने परिवार सहित, पड़ोसी राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव और जेल में कैदी शामिल थे।

राज्य के एक सिविल सेवा अधिकारी के तौर पर आपका आदेश क्या होगा जिसमें आप इन लोगों को बचाएँगे और क्यों? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए। (*200* शब्द)

There is a disaster-prone State having frequent landslides, forest fires, cloudbursts, flash floods and earthquakes, etc. Some of these are seasonal and often unpredictable. The magnitude of the disaster is always unanticipated. During one of

the seasons, a cloudburst caused devastating floods and landslides leading to high casualties. There was major damage to infrastructure like roads, bridges and power generating units. This led to more than 100000 pilgrims, tourists and other locals trapped across different routes and locations. The people trapped in your area of responsibility included senior citizens, patients in hospitals, women and children, hikers, tourists, ruling party's regional president along with his family, additional chief secretary of the neighbouring State and prisoners in jail.

As a civil services officer of the State, what would be the order in which you would rescue these people and why? Give justifications. *(200 words)* 20

**13.** आप एक विशेष विभाग में ज़िला प्रशासन के शीर्षाधिकारी हैं। आपका वरिष्ठ अधिकारी आपको राज्य मुख्यालय से फोन करता है और आपको कहता है कि रामपुर गाँव में एक भूखंड पर स्कूल के लिए एक भवन का निर्माण किया जाना है। दौरे की समयावली बना दी जाती है जिसके दौरान वह मुख्य इंजीनियर और वरिष्ठ वास्तुकार के साथ स्थल का दौरा करेगा। वह चाहता है कि आप उससे संबंधित सभी कागज़ातों की जाँच कर लें और सुनिश्चित कर लें कि दौरे की व्यवस्था उचित रूप से की गई है। आप उस फाइल को जाँचते हैं, जो आपके विभाग में कार्यभार संभालने से पूर्व की है। भूखंड को स्थानीय पंचायत से, नाममात्र की लागत पर, उपार्जित किया गया था और कागज़ात दर्शाते हैं कि जिन तीन प्राधिकारियों को भूखंड की उपयुक्तता का प्रमाणपत्र देना होता है, उनमें से दो के दिए हुए अनुमति प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं। वास्तुविद् का कोई प्रमाणपत्र फाइल में उपलब्ध नहीं है। आप जैसा कि फाइल पर कहा गया है कि सब कुछ ठीक हालत में है, यह सुनिश्चित करने के लिए रामपुर जाने का निर्णय ले लेते हैं। जब आप रामपुर जाते हैं तब आप देखते हैं कि उल्लेख के अधीन भूखंड ठाकुरगढ़ किले का एक भाग है और कि दीवारें, परकोटे आदि उसके आर-पार बिछे हुए हैं। किला मुख्य गाँव से काफी दूर है, इसलिए वहाँ पर स्कूल, बच्चों के लिए गंभीर असुविधा होगा, परंतु गाँव के नज़दीक के क्षेत्र के विस्तार का एक बड़े आवासीय परिसर में परिवर्तित होने की संभावना है। किले में वर्तमान भूखंड पर विकास प्रभार अत्यधिक होंगे और विरासत स्थल के प्रश्न की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। परंतु भूखंड के अधिग्रहण के समय सरपंच आपके पूर्वाधिकारी का एक रिश्तेदार था। समस्त कार्य-संपादन कुछ निहित स्वार्थ के साथ किया गया प्रतीत होता है।

(क) सरोकार रखने वाले पक्षों के संभावित निहित स्वार्थों की सूची बनाइए।

(ख) आपको उपलब्ध कार्रवाई के कुछ विकल्प नीचे दिए गए हैं। प्रत्येक विकल्प के गुणों-अवगुणों पर चर्चा कीजिए :

*(i)* आप वरिष्ठ अधिकारी के दौरे की प्रतीक्षा कर सकते हैं और उसको निर्णय करने देते हैं।

*(ii)* आप लिखित रूप में या फोन पर उसकी सलाह लें सकते हैं।

*(iii)* आप अपने पूर्वाधिकारी/सहकर्मियों से परामर्श कर सकते हैं और उसके बाद क्या करना है, इस बात का फैसला कर सकते हैं।

*(iv)* आप मालूम कर सकते हैं कि क्या एवज़ में कोई दूसरा भूखंड प्राप्त किया जा सकता है और फिर एक सर्वसमावेशी लिखित रिपोर्ट भेज सकते हैं।

क्या आप कोई अन्य विकल्प उचित तर्कों के साथ सुझा सकते हैं?

*(250 शब्द)*

You are heading a district administration in a particular department. Your senior officer calls you from the State Headquarters and tells you that a plot in Rampur village is to have a building constructed on it for a school. A visit is scheduled during which he will visit the site along with the chief engineer and the senior architect. He wants you to check out all the papers relating to it and to ensure that the visit is properly arranged. You examine the file which relates to the period before you joined the department. The land was acquired from the local Panchayat at a nominal cost and the papers show that clearance certificates are available from the two of the three authorities who have to certify the site's suitability. There is no certification by the architect available on file. You decide to visit Rampur to ensure that all is in order as stated on file. When you visit Rampur, you find that the plot under reference is part of Thakurgarh Fort and that the walls, ramparts, etc., are running across it. The fort is well away from the main village, therefore a school here will be a serious inconvenience for the children. However, the area near the village has potential to expand into a larger residential area. The development charges on the existing plot, at the fort, will be very high and the question of heritage site has not been addressed. Moreover, the Sarpanch, at the time of acquisition of the land, was a relative of your predecessor. The whole transaction appears to have been done with some vested interest.

*(a)* List the likely vested interests of the concerned parties.

*(b)* Some of the options for action available to you are listed below. Discuss the merits and demerits of each of the options :

*(i)* You can await the visit of the superior officer and let him take a decision.

*(ii)* You can seek his advice in writing or on phone.

*(iii)* You can consult your predecessor/colleagues, etc., and then decide what to do.

*(iv)* You can find out if any alternate plot can be got in exchange and then send a comprehensive written report.

Can you suggest any other option with proper justification?

(*250* words) 25

**14.** हाल में आपको एक ज़िले के ज़िला विकास अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है। उसके बाद जल्दी ही आपने पाया कि आपके ज़िले के ग्रामीण इलाकों में लड़कियों को स्कूल भेजने के मुद्दे पर काफ़ी तनाव है।

गाँव के बड़े महसूस करते हैं कि अनेक समस्याएँ पैदा हो गई हैं क्योंकि लड़कियों को पढ़ाया जा रहा है और वे घर के सुरक्षित वातावरण के बाहर कदम रख रही हैं। उनका विचार यह है कि लड़कियों की न्यूनतम शिक्षा के साथ जल्दी से शादी कर दी जानी चाहिए। शिक्षा के बाद लड़कियाँ नौकरी के लिए भी स्पर्द्धा कर रही हैं, जो परंपरा से लड़कों का अनन्य क्षेत्र रहा है, और पुरुषों में बेरोज़गारी में वृद्धि कर रही हैं।

युवा पीढ़ी महसूस करती है कि वर्तमान युग में, लड़कियों को शिक्षा और रोज़गार तथा जीवन-निर्वाह के अन्य साधनों के समान अवसर प्राप्त होने चाहिए। समस्त इलाका वयोवृद्धों और युवाओं के बीच तथा उससे आगे दोनों पीढ़ियों में स्त्री-पुरुषों के बीच विभाजित है। आपको पता चलता है कि पंचायत या अन्य स्थानीय निकायों में या व्यस्त चौराहों पर भी, इस मुद्दे पर गरमागरम वाद-विवाद हो रहा है।

एक दिन आपको सूचना मिलती है कि एक अप्रिय घटना हुई है। कुछ लड़कियों के साथ छेड़खानी की गई जब वे स्कूलों के रास्ते में थीं। इस घटना के फलस्वरूप कई सामाजिक समूहों के बीच झगड़े हुए और कानून तथा व्यवस्था की समस्या पैदा हो गई। गरमागरम वाद-विवाद के बाद बड़े-बूढ़ों ने लड़कियों को स्कूल जाने की अनुमति न देने और जो परिवार उनके हुक्म का पालन नहीं करते हैं, ऐसे सभी परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का संयुक्त निर्णय ले लिया।

(क) लड़कियों की शिक्षा में व्यवधान डाले बिना, लड़कियों की सुरक्षा को सुरक्षित करने के लिए आप क्या कदम उठाएँगे?

(ख) पीढ़ियों के बीच संबंधों में समरसता सुनिश्चित करने के लिए आप गाँव के वयोवृद्धों की पितृतंत्रात्मक अभिवृत्ति का किस प्रकार प्रबंधन का और ढालने का कार्य करेंगे?

(*250* शब्द)

You are recently posted as district development officer of a district. Shortly thereafter you found that there is considerable tension in the rural areas of your district on the issue of sending girls to schools.

The elders of the village feel that many problems have come up because girls are being educated and they are stepping out of the safe environment of the household. They are of the view that the girls should be quickly married off with minimum education. The girls are also competing for jobs after education, which have traditionally remained in boys' exclusive domain, adding to unemployment amongst male population.

The younger generation feels that in the present era, girls should have equal opportunities for education and employment, and other means of livelihood. The entire locality is divided between the elders and the younger lot and further sub-divided between sexes in both generations. You come to know that in Panchayat or in other local bodies or even in busy crossroads, the issue is being acrimoniously debated.

One day you are informed that an unpleasant incident has taken place. Some girls were molested, when they were en route to schools. The incident led to clashes between several groups and a law and order problem has arisen. The elders after heated discussion have taken a joint decision not to allow girls to go to school and to socially boycott all such families, which do not follow their dictate.

*(a)* What steps would you take to ensure girls' safety without disrupting their education?

*(b)* How would you manage and mould patriarchic attitude of the village elders to ensure harmony in the inter-generational relations?

(*250* words) 25

★★★

WRAP Exams